आकाशवाणी केन्द्र शिमला

28.06.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09:20 बजे

नए कानून

देश में तीन नए आपराधिक कानून पहली जुलाई से लागू हो रहे हैं। इनमें भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम शामिल हैं। ये तीनों कानून 25 दिसम्बर 2023 को अधिसूचित किए गए थे। राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय शिमला के प्रोफैसर डॉक्टर गिरजेश शुक्ला और जुन्गा स्थित प्रथम सशस्त्र पुलिस वाहिनी के कमांडेंट रोहित मालपानी ने इन कानूनों के बारे में विस्तृत साझा की।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज ऊना जिले के एक दिवसीय प्रवास पर रहेंगें। इस दौरान वे बंगाणा उप–मंडल के अघलोर में 10 मेगावॉट के सोलर पावर पौजैक्ट की आधारशिला रखेंगे।

भाजपा

प्रदेश के तीन विधानसभा क्षेत्रों नालागढ़, हमीरपुर व देहरा में हो रहे उप–चुनाव के लिए भाजपा ने चुनाव के संचालन को और अधिक गंभीरता देने के लिए पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को विशिष्ट कार्य का जिम्मा सौंपा है। इनमें नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र से नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, हमीरपुर विधानसभा से पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग सिंह ठाकुर और देहरा विधानसभा को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल विशेष रूप में देखेंगे।

इस बीच इन तीन विधानसभा क्षेत्रों में 10 जुलाई को होने वाले उप–चुनाव के लिए भाजपा और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नुक्कड़ सभाओं व जनसंपर्क के माध्यम से लोगों से अपने–अपने प्रत्याशियों के पक्ष में समर्थन मांग रहे है।

नीट

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने नीट–यूजी परीक्षा में कथित अनियमितताओं के संबंध में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इन दोनों आरोपीयों को बिहार के पटना से हिरासत में लिया गया। नीट–यूजी प्रश्न पत्र लीक मामले की अधिकारिक तौर पर सीबीआई जांच कर रही है।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार 30 जून को आकाशवाणी के माध्यम से मन की बात कार्यक्रम में लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। मासिक रेडियो कार्यक्रम की ये एक सौ 11वीं कड़ी होगी। इसके लिए आज सुझाव भेजने का अंतिम दिन है। लोग मॉय गोव् ओपन फोरम, नमो एप या टोल फ्री नंबर 1945–11–7800 पर रिकार्ड संदेश के रूप में अपने सुझाव भेज सकते हैं।

बुटेल

मुख्य संसदीय सचिव आशीष बुटेल ने कहा कि मेले व त्यौहार हमारी संस्कृति के परिचायक हैं और ये स्थानीय लोगों के आपसी मेल मिलाप के अलावा सामुदायिक व व्यापारिक रूप से भी लोगों की अपेक्षाओं को पूरा करते हैं। आशीष बुटेल पालमपुर के तीन दिवसीय महाकाली कामाख्या देवी अंबु वाची भरमात मेले के समापन अवसर पर बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। इस मौके पर उन्होंने खेल प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए युवाओं से अपनी ऊर्जा सकारात्मक दिशा में लगाने का आह्वान किया।

मौसम

प्रदेश में मॉनसून की दस्तक के साथ ही बीती रात अधिकतर स्थानों पर भारी वर्षा हुई है। इस वर्षा से जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली है वहीं मैदानी क्षेत्रों में किसानों की फसलों के लिए ये बारिश वरदान मानी जा रही है। मौसम विभाग ने अगले 3 दिन राज्य में भारी वर्षा का अलर्ट जारी किया गया है। इस बीच, भारी वर्षा की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने लोगों से एहतियात बरतने और नदी–नालों के समीप न जाने की अपील की है।

विश्राम गृह

लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृहों और परिधि गृहों में ठहरने वाले लोगों को पहली जुलाई से रैंट रसीद की सुविधा मिलेगी। विभाग के सचिव अभिषेक जैन ने बताया कि इसके माध्यम से विभाग को मिलने वाले राजस्व का बेहतर ढंग से संग्रहण किया जा सकेगा। इसके अलावा कैशलेस सुविधा को भी बढ़ावा दिया जाएगा।

और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से................

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने मॉनसून के आगमन से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है।

अमर उजाला की सुर्खी है–**हिमाचल पहुंचा मॉनसून, शिमला में भारी बारिश, एक जुलाई तक येलो अलर्ट।** पंजाब केसरी के शब्द है–**हिमाचल पहुंचा मॉनसून आज से समूचे प्रदेश में वर्षा की संभावना।** दैनिक भास्कर का शीर्षक है–**मॉनसून ने दी दस्तक, इस बार 3 दिन देरी से पहुंचा–29 व 30 को भारी बारिश का अलर्ट।**

कुलपति नियुक्ति पर राजभवन व सरकार में बढ़ा टकराव शीर्षक से दैनिक जागरण ने लिखा है–**राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल बोले पहले तथ्य जांचे फिर टिप्पणी करे कृषि मंत्री चंद्र।** आपका फैसला लिखता है–**राज्यपाल की गरीमा के खिलाफ नहीं करूंगा कोई काम।** इसी खबर पर अमर उजाला का शीर्षक है–**राज्यपाल ने कृषि मंत्री चंद्र कुमार की राजभवन पर की गई बयानवाजी पर स्पष्ट की स्थिति, बोले कुलाधिपति होने के नाते मुझे भी चिंता।**

दिव्य हिमाचल की एक खबर है–**16वें वित्तायोग से पहले अगले साल आर्थिक चुनौती, 6 हजार 258 से 3 हजार 257 करोड़ रह जाएगी रैवेन्यू डेफिसिट ग्रांट–वेतन पैंशन देने को देखने होंगे कमाई के अन्य विकल्प।**

बद्दी–बरोटीवाला में भू–जल प्रदूषण रोकने के लिए हाईकोर्ट ने मांगा जबाव–शीर्षक से दैनिक सवेरा टाईम्स ने खबर को प्रमुखता दी है।